

# बिहार विधान परिषद दैनिक विवरणिका

सत्र- 190वां

संख्या- 1

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख
सोमवार, दिनांक 26.11. 2018 ई.

माननीय कार्यकारी सभापति श्री मो. हारूण रशीद की
अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही आरंभ हुई।

11.00 पूर्वाह्न से 11.30 पूर्वाह्न तक

1. **माननीय कार्यकारी सभापति महोदय द्वारा बिहार विधान परिषद् के 190वें सत्र के अवसर पर प्रारंभिक संबोधन**

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् के 190वें सत्र का शुभारंभ करते हुए अपने प्रारंभिक संबोधन में कहा कि माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल, माननीय नेता, विरोधी दल, विभिन्न दलों के नेतागण, मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यगण, बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण।

बिहार विधान परिषद् का 190वां सत्र आज से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय संसदीय कार्य मंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। बिहार विधान परिषद् की माननीया नेता, विरोधी दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, माननीय सचेतकगण तथा माननीय सदस्यगण का हार्दिक स्वागत करता हूं। साथ ही, लोकतंत्र के सजग प्रहरी प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार-छायाकार प्रतिनिधियों का भी स्वागत करता हूं।

बिहार विधान परिषद् के इस शीतकालीन सत्र में आज 26 नवम्बर से लेकर 30 नवम्बर तक कुल 5 बैठकें होंगी। मुझे आशा है कि हमेशा की तरह इस सत्र में भी जनता के हितों से जुड़े मामले एवं राज्य के विकास से जुड़े ज्यादा से ज्यादा विषयों को सदन के पटल पर लाया जाएगा। मुझे इस बात की खुशी है कि हमारे सभी माननीय सदस्य जिम्मेदार एवं संवेदनशील जनप्रतिनिधि हैं। अपने-अपने क्षेत्र की जन समस्याओं एवं विकास योजनाओं को सदन में उठाने में कोई कसर नहीं रखते हैं। हमारे सभी माननीय सदस्यों को इस बात का भी सदैव एहसास रहता है कि अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाने के साथ ही राज्य का भी कल्याणकारी कार्य होता रहे। सदन का एक-एक क्षण महत्वपूर्ण है, हम सभी इसका पूरी तरह सदुपयोग कर सकते हैं।

यह सुखद संयोग है कि आज 'संविधान दिवस' है। आज के ही दिन ठीक उनहत्तर वर्ष पहले यानी 26 नवम्बर, 1949 को स्वतंत्र भारत का संविधान भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था जिसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जो हमारी संसदीय शासन प्रणाली का मूलाधार, प्रमुख संचालन सूत्र एवं लोकतंत्र का नियामक ग्रंथ है।

इधर, कुछ दिनों के भीतर हमारे स्वप्नदर्शी एवं दूरदर्शी मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी की अगुवाई में प्रदेश ने कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं। गठबंधन सरकार की एक प्रमुख उपलब्धि यह रही है कि निर्धारित समय से पूर्व ही बिहार में हर घर को बिजली देने का लक्ष्य सरकार ने पूरा कर लिया है। सरकार की एक अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि यह भी है कि सरकार ने पटना के बेली रोड में आधुनिक सुविधाओं से लैस 'सरदार पटेल भवन' नाम से नये पुलिस भवन का निर्माण करवाया है।

(तालियां)

माननीय मुख्यमंत्री ने पुलिस आधुनिकीकरण में मील का पत्थर बने इस भवन के साथ-साथ राज्य में 26 नये थाना भवनों सहित 109 पुलिस भवनों का उद्घाटन एवं 46 पुलिस भवनों का शिलान्यास भी हाल ही में किया है। मैं अपनी एवं सदन की ओर से माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को इस बावत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

मॉरीशस की संसदीय प्रणाली के अध्ययन के लिए राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बिहार शाखा के उपाध्यक्ष के रूप में विगत 28 अक्टूबर से 2 नवम्बर, 2018 तक मॉरीशस की छः दिवसीय यात्रा पर मुझे जाने का मौका मिला। मॉरीशस के राष्ट्रीय प्रवासी-

मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह के जरिये हमें वहां की संसदीय शासन प्रणाली एवं अन्य गतिविधियों को जानने का अवसर मिला।

इस अवसर पर आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बीच में मैं रोक के बोल दे रहा हूं कि मॉरीशस की यात्रा के अनुभव पर चर्चा करने के लिए एनेक्सी में आज साढ़े तीन बजे (3.30 अप.) एक कार्यक्रम आयोजित है। सभी माननीय सदस्यों और माननीय मंत्रियों से आग्रह है कि वहां उपस्थित होकर उस कार्यक्रम में भाग लें।

यह सुखद अनुभव रहा कि मॉरीशस के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा संसद् के अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ सांसदों ने मॉरीशस की संसद में प्रतिनिधिमंडल के हम सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी ने अपने भाषण में बिहार एवं बिहार सरकार के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की एवं बिहार की भूमि को नमन किया।

मुझे इस बात की खुशी है कि बिहार विधान परिषद् में ई-विधान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में विगत 5 एवं 6 नवंबर, 2018 को सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन एवं बिहार विधान परिषद् सभागार में आयोजित कार्यशाला में परिषद् सचिवालय के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। मुझे आशा है कि हमारे माननीय सदस्यगण भी ई-विधान से लाभान्वित होकर भविष्य में बेहतर तरीके से अपना कार्य निष्पादित करेंगे ।

आप लोगों की सूचना के लिए बता दूं कि आज से आज पहला ऑन लाइन आन्सर आना शुरू हो गया है। यानि कंप्यूटर में आया और आज से ई-विधान का काम शुरू हो गया है, प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

(तालियां)

पिछले सत्रों की तरह इस सत्र में भी माननीय सदस्यगण, परिषद् सचिवालय के पदाधिकारी-कर्मचारीगण एवं मीडिया प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की आशा रखता हूं।

अंत में, मैं एक बार फिर आप सभी का स्वागत करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद, आभार व्यक्त करते हुए, शुक्रिया।

धन्यवाद !

(मेजें थपथपाकर स्वागत)

## 2. आसन की घोषणा

1. प्रारंभिक संबोधन के दौरान माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने आसन से यह घोषणा की एवं अनुरोध किया कि हमलोगों ने इस अवसर पर एक कार्यक्रम आज अपराह्न 3.30 बजे मॉरीशस के अनुभव पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया है। सभी माननीय मंत्रियों और माननीय सदस्यों से आग्रह है कि उस कार्यक्रम में उपस्थित होकर भाग लें।

2. माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने यह भी घोषणा करने की कृपा की कि आपलोगों की सूचना के लिए आज पहला ऑनलाईन आन्सर इंटरनेट से आया और आज से ई-विधान का कार्यक्रम शुरू हो गया है एवं प्रक्रिया शुरू हो गई है।

(मेजें थपथपाकर घोषणा का स्वागत)

## 3. माननीय कार्यकारी सभापति महोदय द्वारा 190वें सत्र के लिए अध्यासीन सदस्यों की तालिका की घोषणा

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 10 के अंतर्गत बिहार विधान परिषद् के 190वें सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सदस्यों को अध्यासीन सदस्य मनोनीत करने की घोषणा की-

1. श्री केदारनाथ पाण्डेय
2. डा. रामवचन राय
3. प्रो. नवल किशोर यादव
4. डा. दिलीप कुमार चौधरी

## 4. अध्यादेश का सदन पटल पर रखा जाना

माननीय मंत्री, श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित 'बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2018' की प्रमाणीकृत प्रति सदन की मेज पर रखी गई।

5. **वित्तीय वर्ष 2018-19 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन**

माननीय मंत्री, श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी की एक प्रति सदन की मेज पर रखी गई।

6. **शोक-प्रकाश**

1. स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी
2. स्वर्गीय एच.एन.एस. अनंत कुमार
3. स्वर्गीय भोला सिंह
4. स्वर्गीय सोमनाथ चटर्जी
5. स्वर्गीय भीष्म नारायण सिंह
6. स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद यादव
7. स्वर्गीय रामदेव भंडारी
8. स्वर्गीय कमलनाथ सिंह ठाकुर
9. स्वर्गीय फैयाज भागलपुरी
10. स्वर्गीय रामरूप प्रसाद राय
11. स्वर्गीय हीरा लाल पासवान
12. स्वर्गीय अब्दुल जलील
13. स्वर्गीय अजीजुल हक
14. स्वर्गीय जगेश्वर हाजरा
15. स्वर्गीय एम. करुणानिधि
16. स्वर्गीय कुलदीप नैयर
17. स्वर्गीय डा. श्रीरंजन सूरिदेव
18. स्वर्गीय सी.के. जाफर शरीफ

तदुपरांत माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने इन दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी ओर से एवं सदन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक-संतप्त परिवारों को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

(तत्पश्चात् दिवंगत आत्माओं की चिर-शांति हेतु सदन में एक मिनट मौन खड़े रहकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।)

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने सचिव को यह निदेश देने की कृपा की कि शोक-प्रकाश की प्रति शोक-संतप्त परिवारों को भेज दी जाए।

**तत्पश्चात् परिषद् की बैठक मंगलवार, दिनांक 27.11.2018 को 12.00 मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।**

26/11/2018

**(सुभीम शर्मा)**
मुख्य प्रतिवेदक,
बिहार विधान परिषद्।

ज्ञापांक- 1741(3)/वि.प. पटना, दिनांक 26.11.2018

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/ माननीय मुख्यमंत्री सहित अन्य माननीय मंत्रीगण/ महामहिम राज्यपाल के सचिव, बिहार/ माननीय महाधिवक्ता, बिहार/ माननीय लोकायुक्त, बिहार/ बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/ सभी राज्यों के विधानमंडलों के सचिव/ लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली/ विधि मंत्रालय, नई दिल्ली/ पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/ बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/ निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार/ अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/ समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/ सचिव, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रमोद कुमार
26-11-2018

**(प्रमोद कुमार)**
वरीय प्रतिवेदक,
बिहार विधान परिषद् ।